प्रकाशनार्थ

मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आनंद इंजीनियरिंग कालेज को आई.आई.सी. की स्थापना के लिए चुना गया

आगरा :– शारदा ग्रुप के आनंद इंजीनियरिंग कालेज, आगरा को मानव संसाधन विकास मंत्रालय के इनोवेशन सेल, नई दिल्ली द्वारा ए0आई0सी0टी0ई0 मुख्यालय में हुये कार्यक्रम में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आई.आई.सी.) की स्थापना के लिए चुना गया।

ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आनन्द इंजीनियरिग कालेज को आगरा जिले में इनोवेशन सेल स्थापित करने के लिए चुना गया। जहाँ छात्र उद्यमिता अध्ययन के साथ साथ इनोवेशन सेल के माध्यम से नये विचारों प्रस्तुत करेंगे एवं उन्हें धरातल पर लाने के लिए प्रेरित करना होगा।

संस्था के प्रतिनिधि डा0 हिमांशु विजय एवं श्री अयुब खान ने सेल स्थापित करने का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। उन्होने बताया कि आनन्द इंजीनियरिंग कालेज को यह अवसर उसके उत्कृष्ट परिणामों एवं शोध क्षेत्र में योगदान के लिए मिला है, आनंद कालेज जिले में एक उत्कृष्ठ इनोवेशन सेल की स्थापना करने के साथ ही देश के स्टार्ट–अप एवं मेक इन इंडिया जैसे कार्यक्रमों में अपना योगदान देगा।

कालेज के निदेशक डा0 शैलेन्द्र सिंह ने इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की स्थापना करने के लिए चुने जाने पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय के इनोवेशन सेल एवं ए0आई0सी0टी0ई0 प्रशासन का धन्यवाद किया। उन्हाने बताया कि इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के तहत आनंद इंजीनियरिग कालेज जिले के इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को शोध एवं स्टार्ट–अप के लिए एक मंच उपलब्ध करायेगा, जिसका उद्देश्य छात्रों के अन्दर छिपी शोध व उद्यमशीलता की प्रतिभा को निखार कर उनके विचारा को प्रोत्साहित करेगा।

शारदा ग्रुप के वाईस चैयरमेन श्री वाई0के0 गुप्ता एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा0 वी0के0 शर्मा ने कालेज की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।